08/02/2025

आकाशवाणी ईटानगर

भारतिय जनता पार्टी ने दिल्ली विधानसभा चुनाव में मौजूदा आम आदमी पार्टी को हराकर लगभग तीन दशकों बाद निर्णायक जीत हासिल की है। सत्तर विधानसभा सिटों में से अब तक घोषित अड़सठ सीटों में भाजपा ने कुल सैतालिस सीटों पर जीत दर्ज कर सत्ता में वापसी का संकेत दिया है।

0000000000000000000

राज्य सरकार ने राज्य के नागरिकों से आगामी राज्य के वार्षिक बजट 2025-26 के लिए अपने इनपुट देने का आग्रह किया है। राज्य का बजट अगले महीने मार्च में होने वाले विधानसभा सत्र में पेश किया जाएगा। अपने सोशल मीडिया पोस्ट में मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने सभी हितधारकों से समावेशी विकसित अरुणाचल के लक्ष्य को साकार करने के लिए अपने विचारों को साझा करने की अपील की है। उन्होंने लोगों से जल्द से जल्द www.arunachalbudget.in पर अपने इनपुट भेजने का आग्रह किया है ताकी इन सिफारिशें से राज्य सरकार को वाइब्रेंट, समावेशी और लचीला राज्य बनाने में मदद मिल सकें।

0000000000000000000

राज्य के शहरी विकास और शहरी स्थानीय निकाय मंत्री बालो राजा ने कल मेयर तामे फासांग के साथ आईएमसी, डीसी-आईसीआर, एसपी नाहरलागुन, एसपी ईटानगर, बांदरदेवा सर्किल प्रशासन के प्रतिनिधियों और ईटानगर स्मार्ट सिटी परियोजना के अधिकारियों के साथ एक संयुक्त बैठक की अध्यक्षता की। बैठक का उद्देश्य राजधानी में स्वच्छता और सौंदर्यीकरण से लेकर स्वच्छ, हरित और अपराध मुक्त बनाए रखने के अन्य प्रमुख पहलों तक विभिन्न विकासात्मक मुद्दों को संबोधित करने पर ध्यान केंद्रित करना था। इस अवसर पर मंत्री ने इस बात पर प्रकाश डाला कि कचरा प्रबंधन, शहर का सौंदर्यीकरण और एक शांतिपूर्ण शहर सुनिश्चित करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताएं हैं। उन्होंने राजधानी के निवासियों और स्थानीय व्यवसायों से एक टीम के रूप में सहयोग कर साथ काम करने का आग्रह किया। उन्होंने सबसे स्वच्छ वार्ड को पुरस्कार दिए जाने की घोषणा भी की। बैठक में मेयर तामे फासांग ने शहर की सफाई और सोलिड वेस्ट मैंनेजमेंट में सुधार के लिए आईएमसी द्‌वारा की गई विभिन्न विकासात्मक पहलों पर जोर देते हुए, इन प्रयासों के सफलता सुनिश्चित करने के लिए सार्वजनिक सहयोग की आवश्यक्ता पर भी जोर दिया।

0000000000000000000

याचुली को केई पान्योर के जिला मुख्यालय के रूप में प्रस्तावित किया गया है, जिस पर पहले तेर गापिन, साम साथ और याचुली के नामों पर विचार किया गया रहा था। यह प्रस्ताव याचुली विधायक तोको तातुंग द्‌वारा कल नाहरलागुन में अपने आवास पर एक

मीडिया ब्रीफिंग के दौरान रखा। बैठक के दौरान केई पान्योर जिले के जेडपीसी, जेडपीएम और तेर गापिन और साम साथ के भूमि दाता मौजूद रहे। नए जिले के सुचारू और प्रभावी प्रशासनिक कामकाज को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से विभिन्न हितधारकों के साथ व्यापक चर्चा के बाद यह निर्णय लिया गया। प्रस्ताव को कैबिनेट की मंजूरी के लिए राज्य सरकार के समक्ष रखा जाएगा। इस बीच, विधायक ने मुख्यमंत्री पेमा खांडू, उपमुख्यमंत्री चाउना मेन, न्यीशी एलीट सोसाइटी और पूर्व मंत्री इंजीनीयर ताबा तेदिर और जिले के निर्माण में योगदान देने वालों के प्रति आभार व्यक्त किया है।

000000000000000000000

अरुणाचल प्रदेश राज्य महिला आयोग (एपीएससीडब्लू), ईटानगर ने सोशल मीडिया पर फ़ोर्मर मिस अरुणाचल और बिगबॉस कन्टेस्टन्ट चुम दारांग के लिए एक सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर एल्विश यादव द्वारा की गई अपमानजनक टिप्पणी की कड़ी निंदा की है। उन्होंने कहा कि, यह टिप्पणी चुम दारांग के साथ ही पूर्वोत्तर भारत की संपूर्ण महिला समाज का अपमान है। इसी के तहत आयोग ने संबंधित प्राधिकारी से अनुरोध किया कि एल्विश यादव के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। आयोग ने कहा कि इस तरह के व्यवहार और अपमानजनक टिप्पणियों से पूर्वोत्तर की महिलाओं में भय और संकोच की व्यापक भावना पैदा होती है।

000000000000000000000

एसोसिएशन ऑफ ऑन्कोलॉजिस्ट ऑफ नॉर्थ ईस्ट इंडिया AONEI का बीसवां वार्षिक सम्मेलन का आयोजन आज से ईटानगर स्थित वाई इंटरनेशनल होटेल में किया जा रहा है। दो दिवसिय कार्यक्रम का आयोजन AONEI और अरुणाचल प्रदेश स्टेट केंसर सोसाईटी द्वारा की जा रही हैं, जिसका उद्देश्य अरूणाचल प्रदेश, असम, मेघालय, मनिपुर, सिक्किम, मिजोरम और त्रिपुरा के ऑन्कोलॉजिस्ट को एक साथ लाना और पूर्वोत्तर में केंसर के देखभाल के लिए ऑन्कोलॉजिस्ट, रिसर्चर और हेल्थ केयर प्रोफेशनल्स के बीच चर्चा करना, सहयोग बढाना और विषय पर ज्ञान को साझा करना है। AONEI की स्थापना केंसर जागरूकता को बढावा देने और क्षेत्र में ऑन्कोलॉजी सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए की गई थी। मार्च 2006 में पहला सम्मेलन आयोजित किया गया जिस पर सिर और गर्दन के केंसर पर ध्यान केंद्रित था।

0000000000000000000000

नशीली दवाओं के खतरे से निपटने एवं नशा मुक्त ज़िला बनाने की अभियान के तहत ईस्ट सियांग पुलिस के एंटी ड्रग स्क्वाड द्वारा गत शुक्रवार को दो ड्रग तस्करों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 2.317 किलोग्राम मादक पदार्थ जब्त किया गया। पासिघाट पुलिस स्टेशन के ओ.सी इंस्पेक्टर इगे लोलेन के नेतृत्व में एंटी ड्रग स्कवाड द्वारा एक खुफिया जानकारी के आधार पर 2 माईल एरिया पर कारवाही करते हुए मादक पदार्थों का आदतन उपयोग करने वाले को गिरफ्तार कर एनडीपीएस अधिनियम 1985 के तहत मामला

दर्ज किया गया हैं। इस बीच ईस्ट सियांग पुलिस द्वारा नागरिकों से नशीली दवाओं से संबंधित गतिविधियों को बिना किसी हिचक के रिपोर्ट करने का आग्रह किया ताकि ईस्ट सियांग को नशा मुक्त बनाया जा सके।

0000000000000000000000